नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **30**

No. of Printed Pages – **8**

# SS-01-Hindi (C) (D & D)

## हिंदी (अनिवार्य)

**उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2022**

**समय : 3 घण्टे 45 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

OFFICE COPY

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) जिस प्रश्न के अ, ब, स, द, य भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## खण्ड – अ

1. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : **10 × 1 = 10**

(1) 'कविता के बहाने' किस कवि की रचना है ? 1

(अ) रघुवीर सहाय (ब) हरिवंश राय बच्चन

(स) कुँवर नारायण (द) फिराक गोरखपुरी

(2) निम्नलिखित में से हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथा है : 1

(अ) मधुशाला (ब) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

(स) मैकबेथ (द) हैलमेट

(3) आलोक धन्वा का जन्म कहाँ हुआ ? 1

(अ) मुंगेर (बिहार) (ब) इलाहाबाद (उ.प्र.)

(स) मुंबई (महाराष्ट्र) (द) जयपुर (राजस्थान)

(4) 'बाज़ार दर्शन' पाठ के लेखक हैं 1

(अ) धर्मवीर भारती (ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(स) फणीश्वरनाथ रेणु (द) जैनेन्द्र कुमार

(5) महादेवी वर्मा द्वारा लिखित प्रसिद्ध रेखाचित्र 'स्मृति की रेखाएँ' में से लिया गया पाठ है 1

(अ) भक्तिन (ब) शक्ति

(स) नवनिर्माण (द) अपूर्ण

(6) 'शिरीष के फूल' पाठ के लेखक का नाम है 1

(अ) मुंशी प्रेमचंद (ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(स) महादेवी वर्मा (द) जैनेन्द्र कुमार

(7) 'फणीश्वरनाथ रेणु' की रचना है 1

(अ) गोदान (ब) सूरज का सातवाँ घोड़ा

(स) मैला आँचल (द) गुनाहों का देवता

OFFICE COPY

(8) शमशेर बहादुर सिंह की कविता है 1

(अ) बादल राग (ब) उषा

(स) पतंग (द) कैमरे में बंद अपाहिज

(9) रघुवीर सहाय किस पत्रिका से संबद्ध रहे ? 1

(अ) सरिता (ब) कथा

(स) दिनमान (द) इण्डिया टुडे

(10) 'काले मेघा पानी दे' पाठ की विधा है 1

(अ) उपन्यास (ब) निबंध

(स) संस्मरण (द) कहानी

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये :

(प्रश्न सं. 2 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है) $10 \times 1 = 10$

OFFICE COPY

2. बाजार को सार्थकता कौन से लोग देते हैं ? 1
3. गाँव वाले बारिश के लिये किस देवता से प्रार्थना करते हैं ? 1
4. 'उषा' कविता में प्रातः काल का नभ कैसा दिखाई देता है ? 1
5. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में किस व्यक्ति की पीड़ा को बताया गया है ? 1
6. 'जूझ' पाठ में किसके जीवन संघर्ष की कहानी है ? 1
7. 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के लेखक का नाम लिखिये । 1
8. भूषण यशोधर बाबू के लिये बड़े पैकेट में क्या लाया था ? 1
9. यशोधर बाबू रोजाना दफ्तर से लौटते हुये कहाँ जाते थे ? 1

10. 'जूझ' पाठ से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ? 1

11. 'जूझ' पाठ में लेखक योजना बनाकर अपनी माँ को कहाँ ले गया ? 1

## खण्ड – ब

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $4 \times 2 = 8$

स्वतंत्र भारत में विद्यार्थियों के कंधों पर समाज का भारी बोझ है । आज जो विद्यार्थी है, कल वही देश का सुनागरिक और समाज का कर्णधार होगा । आज के समाज में चोरी, रिश्वतखोरी, कपट, विश्वासघात, भ्रष्टाचार, गबन, घोटाले आदि असंख्य बुराइयाँ फैली हुई हैं । उन्हें रोकने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में सभी का सहयोग अपेक्षित है । सामाजिक जीवन में व्याप्त दूषित तत्वों को निकाल फेंकना भी परमावश्यक है । इसलिये स्वतंत्र देश के गौरव के अनुकूल ऐसे नागरिकों की आवश्यकता है जो ईमानदार, कर्तव्यपरायण और परिश्रमी हों । इस समय हमारे देश का जीवन परिवर्तन के संधि-स्थल पर है । आज के विद्यार्थियों को निरंतर जागरूक रहकर सामाजिक जीवन के परिवर्तनों और प्रगति में योगदान करना चाहिये ।

12. स्वतंत्र भारत में किसके कंधों पर समाज का भारी बोझ होगा ? 2

13. हमारे देश को कैसे नागरिकों की आवश्यकता है ? 2

14. 'ईमानदार' शब्द का विलोम बताइये । 2

15. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक बताइये । 2

OFFICE COPY

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $4 \times 2 = 8$

मुझे ना जाना गंगासागर, मुझे ना रामेश्वर, काशी ।
तीर्थराज चित्तौड़ देखने को मेरी आँखें प्यासी ।
अपने अचल स्वतंत्र दुर्ग पर, सुनकर बैरी की बोली ।
निकल पड़ी लेकर तलवारें, जहाँ जवानों की टोली ।
जहाँ आन पर माँ-बहिनों की, जला-जला पावन होली ।
वीर-मंडली गर्वित स्वर से, जय माँ की जय-जय बोली ।
सुंदरियों ने जहाँ देश-हित, जौहर व्रत करना सीखा
वहीं जा रहा पूजन करने, लेने सतियों की पद-धूल ।

16. कवि कहाँ जाना चाहता है ? 2

17. वीर–मंडली गर्वित स्वर से किसकी जय कर रही है ? 2

18. कवि की आँखें क्या देखने को प्यासी हैं ? 2

19. 'पावन' शब्द का अर्थ लिखिये । 2

## खण्ड – स

20. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिये : $4 \times 1 = 4$

उन सिख बीबी को देखकर सफ़िया हैरान रह गई थी, किस कदर वह उसकी माँ से मिलती थी । वही भारी भरकम जिस्म, छोटी–छोटी चमकदार आँखें, जिनमें नेकी, मुहब्बत और रहमदिली की रोशनी जगमगाया करती थी । चेहरा जैसे कोई खुली हुई किताब । वैसा ही बारीक मलमल का दुपट्टा, जैसा उसकी अम्मा मुहर्रम में ओढ़ा करती थीं ।

OFFICE COPY

जब सफ़िया ने कई बार उनकी ओर मुहब्बत से देखा, तो उन्होंने भी उसके बारे में घर की बहू से पूछा । उन्हें बताया गया कि वे मुसलमान हैं । कल की सुबह लाहौर जा रही हैं, अपने भाइयों से मिलने, जिन्हें उन्होंने कई साल से नहीं देखा है । लाहौर का नाम सुनकर वे उठकर सफ़िया के पास आ बैठीं और उसे बताने लगीं कि उनका लाहौर कितना प्यारा शहर है । वहाँ के लोग कैसे खूबसूरत होते हैं, उम्दा खाने नफ़ीस कपड़ों के शौकीन, सैर–सपाटे के रसिया, जिंदादिली की तस्वीर ।

(क) सिख बीबी को देखकर सफ़िया हैरान क्यों रह गई ? 1

(ख) सफ़िया के बारे में घर की बहू ने क्या बताया ? 1

(ग) सिख बीबी सफ़िया के पास आकर क्यों बैठ गई ? 1

(घ) सिख बीबी ने लाहौर की क्या विशेषता बताई ? 1

21. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $4 \times 1 = 4$

मैं जग-जीवन का भार लिये फिरता हूँ,
फिर भी जीवन में प्यार लिये फिरता हूँ,
कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर,
मैं साँसों के दो तार लिये फिरता हूँ।
मैं स्नेह-सुरा का पान किया करता हूँ,
मैं कभी ना जग का ध्यान किया करता हूँ,
जग पूछ रहा उनको जो जग की गाते,
मैं अपने मन का गान किया करता हूँ

(क) काव्यांश में कवि किसका भार लिये फिरता है ? 1

(ख) काव्यांश के अनुसार कवि सबको क्या बाँट रहा है ? 1

(ग) कवि अपने जीवन में किस सुरा का पान करता है ? 1

(घ) कवि ने किसका ध्यान नहीं करने की बात कही है ? 1

## खण्ड – द

OFFICE COPY

22. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के अर्थ लिखिये : $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

(अ) Action (ब) Legal

(स) Clerk (द) Agree

23. निम्नलिखित में से किसी कवि/लेखक का परिचय लिखिए : (कोई एक) 3

(i) महादेवी वर्मा

(ii) जैनेन्द्र कुमार

(iii) रघुवीर सहाय

24. विद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण दल के साथ जाने के लिये अपने पिताजी से अनुमति प्राप्त करने हेतु एक पत्र लिखिये। 5

अथवा

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिये।

25. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिये : 5

(i) कोरोना महामारी से बचने के उपाय

(ii) हमारे सामाजिक पर्व एवम् त्यौहार

(iii) वार्षिकोत्सव

26. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर प्रतिवेदन लिखिए : 4

(i) बाल मेला

(ii) कम्प्यूटर का महत्त्व

(iii) शिक्षक दिवस समारोह

**खण्ड – य**

27. "भक्तिन व लेखिका का सम्बंध सेवक व स्वामी का ना होकर आत्मिक था।" कैसे ? सिद्ध कीजिये। 4

**अथवा**

लुट्टन पहलवान के जीवन की अंतिम इच्छा क्या थी और क्यों ?

28. शायर राखी के लच्छे को बिजली की चमक की तरह कहकर क्या भाव प्रकट करना चाहता है ? 4

**अथवा**

'पतंग' कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिये।

29. 'जूझ' कहानी के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश दिया है ? 4

**अथवा**

'सिल्वर वेडिंग' कहानी के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश देने का प्रयास किया है ?

30. कवि कुँवर नारायण ने 'कविता के बहाने' कविता में क्या आशंका व्यक्त की है और क्यों ? 5

**अथवा**

द्विवेदी जी ने शिरीष के माध्यम से कोलाहल व संघर्ष से भरी जीवन-स्थितियों में अविचल रहकर जिजीविषु बने रहने की सीख दी है, कैसे ?

---

OFFICE COPY

DO NOT WRITE ANYTHING HERE